# बेसिक स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

**लक्ष्य : अधिकांश बच्चे अनुच्छेद और छोटी कहानी (5–6 लाइन) को समझ के साथ पढ़ सकें।**

**सप्ताह–19**

| विषय वस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा. दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीखने की तैयारी के लिए गतिविधि | 05 मिनट | बच्चों से उनकी कोई मनपसंद कविता सुनें। यदि बच्चे नहीं सुना पाते हैं तो पिछले दिनों सुनी गई कविता हाव–भाव के साथ गाने को कहें। | **हईया रे हईया** कविता बच्चों के साथ हाव–भाव से गाएँ। | बच्चों को अलग–अलग परिस्थितियों में चलने के लिए कहें, जैसे बहुत तेज़ बारिश हो रही है, सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया है, कीचड़ बहुत है आदि। | कोयल ने गाना गाया<br>कौआ भी दौड़ा आया<br>चूहे ने ढोल बजाई<br>बंदर ने पूँछ हिलाई<br>अब सुनो जरा मेरे भाई<br>क्या बात समझ में आई<br>कोयल ने गाना गाया<br>कौआ भी दौड़ा आया।<br>यह कविता बच्चों के साथ हाव–भाव से गाएँ। | बच्चों से उनकी कोई मनपसंद गीत/कविता/गाना/कहानी सुनें। | पुनरावृत्ति और रोल प्ले एवं चित्र कला। |
| बातचीत | 05 मिनट | **आलू–मालू–कालू** कहानी के चित्र और नाम पर चर्चा करें। बच्चों को ज़्यादा से ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | **आलू–मालू–कालू** कहानी पर चर्चा करें एवं बच्चों को ज़्यादा से ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | **गर्मी** विषय पर चर्चा करें। बच्चों को ज़्यादा से ज्यादा बोलने का मौक़ा दें। | **अभी नहीं, अभी नहीं**<br>कहानी के चित्र और नाम पर चर्चा करें। बच्चों को ज़्यादा से ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | **अभी नहीं, अभी नहीं**<br>कहानी और उसके पात्रों पर चर्चा करें एवं बच्चों को ज़्यादा से ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | |
| कहानी/पढ़ना सम्बंधित गतिविधियाँ | 20 मिनट | **आलू–मालू–कालू**<br>कहानी बच्चों को हाव–भाव से सुनाएँ और तथ्य, अनुमानिक, शब्द भण्डार से सम्बंधित अलग–अलग प्रश्नों के माध्यम से कहानी पर चर्चा करें, जैसे– कहानी में कौन–कौन है? आदि। | **आलू–मालू–कालू**<br>कहानी बच्चों को हाव–भाव से सुनाएँ और कहानी पर चर्चा करें। अब कौन पढ़ेगा? बोर्ड पर कहानी लिखकर कुछ बच्चों को कहानी पढ़ने का मौक़ा दें। | **आलू–मालू–कालू**<br>कहानी को अपने शब्दों में सुनाने के लिए कहें। ज़रूरत के अनुसार बच्चों की मदद करें। बच्चों के दो समूह बनाएँ और एक–दूसरे समूह से प्रश्न पूछने के लिए कहें। | अभी नहीं, अभी नहीं कहानी बच्चों को हाव–भाव से सुनाएँ और तथ्य, अनुमानिक, शब्द भण्डार से सम्बंधित अलग–अलग प्रश्नों के माध्यम से कहानी पर चर्चा करें, जैसे– कहानी में कौन–कौन हैं? आदि। | अभी नहीं, अभी नहीं कहानी बच्चों को हाव–भाव से सुनाएँ और कहानी पर चर्चा करें। अब कौन पढ़ेगा? बोर्ड पर कहानी लिख़कर कुछ बच्चों को कहानी पढ़ने का मौक़ा दें । | |
| शब्द भंडार के खेल | 20 मिनट | बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाएँ और उनकी पाठ्य–पुस्तक से छोटी कविता या कहानी आदि पढ़ने को दें। कविता/कहानी में आए नए व अपरिचित शब्दों को कॉपी में लिखने और उन शब्दों को बड़े समूह में चर्चा करने को कहें। | बच्चों को 5 मिनट तक आँख बंद करके उस दिन को याद करने के लिए कहें जिस दिन उन्होंने खूब मस्ती की हो। फिर उन्हें उस दिन के बारे में एक–दूसरे को बताने को कहें। | सभी बच्चों को 2 मिनट तक हमारा गाँव शब्द पर सोचकर उससे जुड़े शब्द कॉपी/जमीन पर लिखने को कहें। बच्चों ने जो भी शब्द लिखें उनसे ज़रूर पूछें कि यह शब्द उन्होंने क्यों लिखा आदि। | बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाएँ और उनकी पाठ्य–पुस्तक से छोटी कविता या कहानी पढ़ने को दें। कविता/कहानी में आए नए व अपरिचित शब्दों को कॉपी में लिखने और उन शब्दों को बड़े समूह में चर्चा करने को कहें। | बच्चों से कहें कि उनके घर में बड़ी दीदी की शादी है। क्या–क्या तैयारी करेंगे? छोटे–छोटे समूह में उसकी एक सूची बनाएँ। एक–दूसरे समूह को अपनी सूची पढ़कर सुनाने के लिए कहें। | |
| लेखन | 10 मिनट | **सब्ज़ी** शब्द पर चर्चा करें एवं सब्ज़ी शब्द से जुड़े शब्द और वाक्य अपनी कॉपी या ज़मीन पर लिखने को कहें।<br>एक–दूसरे की कॉपी बदलकर बच्चे समीक्षा करें। | **नदी** विषय पर बच्चों से चर्चा करें और उसके बारे में लिखने को कहें। | हमारा गाँव से जुड़े शब्दों से बच्चों को वाक्य/अनुच्छेद लिखने को कहें। बच्चों ने जो भी लिखा उसे बड़े समूह में पढ़कर सुनाएँ। जब बच्चे लिख लें तब उनसे फिर से पढ़ने और समीक्षा करने को कहें। | कार्य शब्द को सुनकर बच्चों के दिमाग में कौन–कौन से शब्द आते हैं उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखें। बच्चे मनपसंद शब्द चुनकर पाँच वाक्य लिखें। | **शादी** शब्द पर जो सूची बनाई है उनमें से कोई पाँच शब्द चुनकर चार लाइन का एक अनुच्छेद लिखने को कहें। जब बच्चे लिख लें तब उनसे फिर से पढ़ने और समीक्षा करने के लिए कहें।<br><br>बच्चों का समूह बनाएँ और अगले दिन कहानी पर रोल प्ले प्रस्तुत करने को कहें। | |